**भ्रष्टाचार** — रिटायर्ड चौकीदार से एरियर्स दिलवाने के बदले में मांगी जा रही थी 20 हजार की घूस

# रिश्वत लेते कार्यपालन यंत्री गिरफ्तार



**नवभारत, कटनी।** जबलपुर लोकायुक्त टीम ने मंगलवार को कटनी पहुंचकर जल संसाधन संभाग के प्रभारी कार्यपालन यंत्री व्हीए सिद्दीकी को 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए उनके कार्यालय में रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। कार्यपालन यंत्री रिटायर्ड सेवानिवृत्त चौकीदार को उनके एरियर्स दिलाए जाने के बाद उनसे रिश्वत ले रहे थे। रिश्वत मांगे जाने की शिकायत लोकायुक्त जबलपुर से की गई थी। जिसके बाद योजनाबद्ध तरीके से दबिश देकर कार्यपालन यंत्री को लोकायुक्त की टीम ने रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता कुंवर लाल रजक जल संसाधन विभाग में चौकीदार के पद पर कार्यरत थे और अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं। वर्ष 2011 से 2017 के बीच जल संसाधन वर्गीकरण प्रक्रिया के तहत उनका और 9 अन्य कर्मचारियों का लगभग 7 से 8 लाख रुपए का एरियर्स बकाया था। विभाग द्वारा भुगतान न किए जाने पर इन कर्मचारियों ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। उच्च न्यायालय ने कर्मचारियों के पक्ष में फैसला सुनाते हुए विभाग को एरियर्स भुगतान के आदेश दिए थे। इसी एरियर्स की राशि जारी करने के बदले प्रभारी कार्यपालन यंत्री व्हीए सिद्दीकी द्वारा 50 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की जा रही थी। कुंवरलाल रजक ने इस संबंध में लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक, जबलपुर के समक्ष शिकायत दर्ज कराई। शिकायत का गोपनीय सत्यापन कराया गया, जिसमें मामला सही पाया गया। आरोपी अधिकारी पहली किस्त के रूप में 20 हजार रुपए लेने पर सहमत हुआ था। मंगलवार को कुंवरलाल रजक ने कार्यालय पहुंचकर आरोपी व्हीए सिद्दीकी को केमिकल लगे हुए नोट दिए, तभी रंगेहाथों पकड़ने के लिए घात लगाए तैनात लोकायुक्त की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई लोकायुक्त डीएसपी नीतू त्रिपाठी के नेतृत्व वाली 8 सदस्यीय टीम ने की है।

हाथ धुलवाने पर आरोपी की उंगलियां गुलाबी हो गईं, जो रिश्वत लेने का पुख्ता प्रमाण है। लोकायुक्त डीएसपी नीतू त्रिपाठी ने बताया कि शिकायतकर्ता कुंवर लाल रजक के एरियर्स भुगतान के बदले 50 हजार की मांग की गई थी। सत्यापन के बाद आज 20 हजार रुपए की पहली किस्त लेते हुए कार्यपालन यंत्री को रंगे हाथों पकड़ा गया है। उनके विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगामी वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## जनगणना के लिए लगी अधिकारियों की ड्यूटी

**नवभारत, कटनी।** मकान सूचीकरण और मकानों की गणना, जनसंख्या की गणना के लिए कलेक्टर और प्रमुख जनगणना अधिकारी आशीष तिवारी ने जिले के लिए जनगणना अधिकारियों की नियुक्ति का आदेश जारी किया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के मुताबिक जनगणना 2027 के लिए कलेक्टर प्रमुख जनगणना अधिकारी होंगे। जबकि अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्रा को जिला जनगणना अधिकारी और जिला योजना अधिकारी विंकी सिंह मारे उइके को अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार एसडीएम विजयराघवगढ़ विवेक गुप्ता को अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, एसडीएम प्रमोद कुमार चतुर्वेदी को जनगणना अधिकारी कटनी और एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसियो सहित अन्य अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों और अन्य अधिकारियों ड्यूटी लगाई गई है।



## बाइक सवारों को बचाने में अनियंत्रित होकर पलटा ट्रक

**बरही थाना क्षेत्र के हदरहटा मोड़ के पास हुआ हादसा**

**नवभारत, कटनी।** जिले के बरही थाना क्षेत्र के हदरहटा मोड़ के पास एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा बाइक सवारों को बचाने के प्रयास में हुआ है। इस हादसे में बाइक पर सवार तीन लोगों सहित सात लोग घायल हुए हैं। कुआं गांव के रहने वाले अमित यादव अपनी बहन संगीता और 8 साल के भांजे पीयूष के साथ बाइक से उमरिया जा रहे थे। तभी सामने से एक तेज रफ्तार ट्रक आ गया। ट्रक ड्राइवर रामप्रसाद सोनी ने बाइक सवारों को बचाने के लिए ट्रक को अचानक मोड़ा, जिससे वह बेकाबू होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में बाइक पर सवार अमित, संगीता और मासूम पीयूष घायल हो गए। वहीं ट्रक में सवार ड्राइवर रामप्रसाद और उनके साथ मौजूद राकेश, लवकुश और सुरेंद्र को भी चोटें आई हैं। मौके पर मौजूद लोगों और सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल एंबुलेंस बुलाकर सभी को बरही अस्पताल पहुंचाया।

डॉक्टरों ने बताया कि संगीता यादव को शरीर के अंदर गंभीर चोटें लगी हैं, इसलिए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। ट्रक ड्राइवर रामप्रसाद की हालत भी नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

**एक नजर में**

### स्टॉपडेम की मेढ़ पर मिला युवक का अधजला शव, हत्या का मामला दर्ज

**नवभारत, कटनी।** जिले के बहोरीबंद थाना अंतर्गत बचैया गांव में सिद्ध बाबा रोड स्थित स्टॉप डैम के पास एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां झाड़ियों के बीच एक अज्ञात युवक का अधजला शव मिला है। प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका जताई जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के अधजले शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर प्रकरण की विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि बहोरीबंद थाना अंतर्गत बचैया गांव की सिद्धबाबा रोड स्थित स्टॉप डैम की मेढ़ के पास एक युवक का शव अधजले हालत में मिला है। मृतक कौन है इस बात की जानकारी फिलहाल नहीं मिली है। पुलिस के अनुसार मृतक युवक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष के बीच बताई जा रही है। पुलिस का यह भी कहना है कि युवक की मौत लगभग तीन से चार दिन पहले हुई है। युवक के अधजले हालत में मृत मिलने की सूचना पुलिस को 16-17 की दरम्यानी रात में मिली थी। प्रारंभिक जांच में पता चला कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने युवक की हत्या करने के बाद उसकी पहचान छिपाने और साक्ष्यों को मिटाने के उद्देश्य से शव को जलाने का प्रयास किया गया। इसके बाद शव को स्टॉप डैम के पास झाड़ियों में फेंक दिया गया। पुलिस ने बताया कि मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लापता व्यक्तियों की जानकारी जुटा रही है ताकि मृतक की पहचान हो सके और आरोपियों तक पहुंचा जा सके। इस मामले में पुलिस की एफएसएल की टीम भी जांच कर रही है, ताकि वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए जा सके। इसके अलावा डॉग स्क्वॉड और सायबर सेल की टीम का भी सहयोग लिया जा रहा है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर पूरे प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के लोगों से भी इस मामले में पूछताछ की जा रही है, हालांकि मृतक की जानकारी नहीं मिल पाने से आरोपियों के संबंध में कोई सुराग नहीं मिले हैं।

## श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई गई महाशिवरात्रि



**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** जिले की ढीमरखेड़ा तहसील अंतर्गत ग्राम पिंडरई में महाशिवरात्रि का पर्व दशनामी गोस्वामी समाज द्वारा बड़े ही धूमधाम और पारंपरिक सांस्कृतिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। इस दौरान पूरा क्षेत्र शिवभक्ति के रंग में डूबा नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत महाशिवरात्रि से एक दिन पूर्व की गई। जिसमें अखंड रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में पहरुआ की प्रसिद्ध रामायण मंडली के साथ बब्लू पुरी और पप्पू पुरी, नारायन पुरी द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी गई। ढोलक-मजीरों की थाप और सुमधुर भजनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर गोस्वामी समाज के सुनील गिरी, सुरेंद्र गिरी, गोविंद गिरी, नीलू गिरी, मनीष पुरी और लूनेस्वर पुरी द्वारा भगवान भोलेनाथ का विशेष अभिषेक किया गया।

विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद महादेव की आरती की गई और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की गई। इस आयोजन में काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और श्रद्धालुओं की उपस्थित रही।

## महिलाओं ने पकड़ी अवैध शराब, संदेह के घेरे में पुलिस की कार्यप्रणाली

**अवैध शराब लेकर जनसुनवाई में पहुंची महिलाएं**



**नवभारत, कटनी।** जिले के स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत डोंगरिया गांव में पुलिस की उदासीनता से परेशान होकर ग्रामीण महिलाओं ने खुद शराब जब्त की। मंगलवार को ये महिलाएं गांव से पकड़ी गई अवैध शराब और उसे बनाने का सामान लेकर सीधे कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंच गईं। महिलाओं का आरोप है कि उन्होंने अवैध शराब की बिक्री को लेकर स्लीमनाबाद पुलिस और एसडीओपी से कई बार लिखित और मौखिक शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों के मुताबिक, पुलिस ने उनसे यहां तक कह दिया कि तुम शराब पकड़ो और हमें बताओ, तब हम आएंगे। पुलिस के रवैये से नाराज होकर ग्रामीणों ने खुद ही शराब के ठिकानों पर दबिश दी। इस दौरान उन्होंने गांव के लेखराम सपेरा, आकाश सपेरा, सुशील सपेरा, सुकमन कोल, अनार बाई, दुर्गा बाई और छोटू सिंह ठाकुर के यहां से करीब 10 लीटर कच्ची शराब और महुआ लहान (शराब बनाने का सामान) जब्त किया। जब्त सामान के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीणों ने एसडीओपी दिनेश मिश्रा को एसपी के नाम ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में खुलेआम शराब बनने और बिकने से शांति भंग हो रही है और छोटे बच्चे भी नशे की लत में फंस रहे हैं। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि पुलिस जब भी आती है, तो सिर्फ खानापूर्ति करके लौट जाती है और मुख्य ठिकानों पर हाथ नहीं डालती। इसी वजह से शराब कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं और वे गांव में गुंडागर्दी करते हैं। ग्रामीणों ने अब दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## गड्ढों की कराएं फिलिंग, ठेले-टपरों को भेजें हॉकर्स जोन, जब्त करें कबाड़

**आयुक्त ने किया बस स्टैंड मुक्तिधाम का निरीक्षण**



**नवभारत, कटनी।** नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार ने मंगलवार को बस स्टैंड जोन क्रमांक एक के विभिन्न स्थलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद जोन कार्यालय बस स्टैंड में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में पहुंचे शहरवासियों के आवेदनों और समस्याओं पर सुनवाई करते हुए विभागीय अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए।

जोन कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में पहुंचे नागरिकों के आवेदनों और समस्याओं की निगमायुक्त द्वारा सुनवाई करते हुए आवेदनों पर प्राथमिकता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान अतिक्रमण, पेयजल, साफ सफाई, सड़क नाली निर्माण, बिना अनुमति निर्माण सहित अन्य विभागीय समस्याओं और शिकायतों के आवेदन पर सुनवाई की गई। निगमायुक्त द्वारा बस स्टैंड सम्पूर्ण परिसर के पैदल निरीक्षण के दौरान निर्मित दुकानों आवंटन की स्थिति, यात्री प्रतीक्षालय, सुलभ शौचालय सहित अन्य स्थलों का निरीक्षण कर सफाई और आवागमन व्यवस्था दुरूस्त करने के की हिदायत स्वास्थ्य अमले को दी। यात्री प्रतीक्षालय के निरीक्षण के दौरान आगामी ग्रीष्म ऋतु के पूर्व पेयजल व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ ही परिसर के गढडों की फिलिंग कराने अव्यवस्थित खड़े ठेले टपरों को हाकर्स जोन में व्यवस्थित करने, पुराने टिकट काउंटर के समक्ष निरीक्षण के दौरान अनाधिकृत रूप से पड़े कबाड़ को देखकर नाराजगी व्यक्त कर कबाड़ समाग्री जब्त करने के लिए अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय बस ऑपरेटर रामजी पांडेय से संचालित होने वाली बसों, बस स्टैंड की व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई। निगमायुक्त द्वारा निरीक्षण के अगले चरण में इंदिरा गांधी वार्ड स्थित शिवाजी कॉलोनी के मुख्य मार्ग का निरीक्षण स्थानीय पार्षद ओमप्रकाश सोनी, निगम अधिकारियों की मौजूदगी में करते हुए नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया। निगमायुक्त द्वारा कॉलोनी के नियमितीकरण की प्रक्रिया, जमा विकास शुल्क की जानकारी लेकर विकास शुल्क शिविर का आयोजन कराने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के अगले चरण में निगमायुक्त द्वारा नदी पर स्थित मुक्तिधाम परिसर का भ्रमण करते हुए वहां निगम प्रशासन द्वारा मुहैया कराई जाने वाली व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने क्षतिग्रस्त बाऊण्डीवाल को दुरुस्त कराने, साफ-सफाई के लिए अतिरिक्त कर्मचारी नियुक्त करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त द्वारा मुक्तिधाम परिसर में निर्मित गैस आधारित शवदाह गृह का ताला खुलवा कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए इसे चालू करने में आ रही समस्याओं की जानकारी लेते अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदूषण मुक्त शवदाह गृह दोबारा चालू कराया जाए। कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाए। निगमायुक्त ने कहा कि शवदाह गृह का संचालन होने से शासकीय योजना क्रियान्वित होगी और मुक्तिधाम प्रदूषण मुक्त होगा। मुक्तिधाम विकास समिति अध्यक्ष अजय सरावगी ने आयुक्त नगर निगम द्वारा कराए गए विकास कार्यो की जानकारी भी दी गई। मुक्तिधाम के बाहर बस्ती मार्ग पर नाली में गंदगी और कचरा देखकर निगमायुक्त ने नाराजगी जताई और सफाई कराने, पानी निकासी की व्यवस्था बनाने के निर्देया क्षेत्रीय उपयंत्री पवन श्रीवास्तव को दिए। निगमायुक्त ने निर्धन बच्चों के लिए संचालित निशुल्क ओम प्रकाश सरावगी स्कूल की व्यवस्थाओं सराहना की। निरीक्षण के दौरान मुक्तिधाम विकास समिति के संस्थापक साहित्यकार मनोहर मनोज सहित निगम अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## अग्निवीर बनने युवाओं ने लगाई दौड़ और लंबी छलांग

**झिंझरी पुलिस लाइन में आंकी जा रही शारीरिक क्षमता**

**नवभारत, कटनी।** झिंझरी स्थित पुलिस लाइन मैदान में आयोजित भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती रैली में 16 फरवरी की रात को सतना जिले के 783 युवाओं का फिजिकल और मेडिकल टेस्ट हुआ सत्र 2026-2027 के लिए अग्निवीर सेना भर्ती रैली में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू है इसकी अंतिम तिथि 1 अप्रैल है। और अधिसूचना इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अग्निवीर भर्ती रैली में सोमवार की रात को मात्र सतना जिले के युवाओं ने भर्ती रैली में भाग लिया। इस दौरान युवाओं का शारीरिक दक्षता परीक्षण और चिकित्सा जांच के साथ-साथ दस्तावेजों का भी सत्यापन किया गया है। उल्लेखनीय है कि कटनी में 24 फरवरी तक आयोजित होने वाले अग्निवीर भर्ती में 15 जिलों के 5 हजार 374 उन युवाओं को आमंत्रित किया गया है। जिन्होनें सेना द्वारा आयोजित कामन इंट्रेंस टेस्ट की लिखित परीक्षा को पास कर लिया है। जबकि बुधवार 18 फरवरी को जबलपुर, कटनी, शहडोल, उमरिया, अनुपपूर को मिलाकर 785 युवा तथा गुरूवार 19 फरवरी को सभी जिलों के 730 युवा तथा शुक्रवार 20 फरवरी को 638 युवा और सोमवार 23 फरवरी को मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ राज्य की महिला अग्निवीर भर्ती रैली में शामिल होंगी और दस्तावेजों का सत्यापन करांएगी इसके साथ ही फिजिकल और मेडिकल परीक्षण भी होगा। अग्निवीर भर्ती रैली के माध्यम से सेना में जनरल ड्यूटी, तकनीकी, क्लर्क और ट्रेडसमेन आदि पदों के लिए चयन किया जाएगा। रैली में शामिल होने वाले अभ्यार्थियों को नवीन पासपोर्ट साइज फोटो, मोबाइल से लिंक आधार नंबर सहित वांछित सभी दस्तावेज लाना अनिवार्य है। सेना में अग्निवीर जीडी, कर्लक, एसकेटी, महिला सेना पुलिस और स्थाई पद नर्सिंग असिस्टेट, नर्सिंग असिस्टेट और सिपाही फार्मा के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू है। आवेदन की अंतिम तिथि 1 अप्रैल 2026 तक है। इसकी अधिसूचना इंडियन आर्मी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इस बार सेना भर्ती के लिए आयु सीमा में एक वर्ष की वृद्धि की गई है। 1 जुलाई 2005 से 1 जुलाई 2009 के बीच जन्में युवा अग्निवीर पद के लिए और स्थाई पद के लिए 1 जुलाई 2004 से 1 जुलाई 2009 के बीच जन्में युवा ही पंजीकरण कर सकेंगे।



**जनसुनवाई** — नवाचार के तहत महापौर द्वारा शुरू किया गया है जनसुनवाई कार्यक्रम

# महापौर की जनसुनवाई का उद्देश्य बेहतर नागरिक संवाद और शिकायत का निराकरण



**नवभारत, कटनी।** नगर निगम द्वारा नागरिक समस्याओं के तत्काल निराकरण और बेहतर प्रशासनिक संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से मंगलवार को मेयर इन काउंसिल कक्ष में महापौर द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सुबह 11 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक चले इस कार्यक्रम में शहर के विभिन्न वार्डों से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्या लेकर उपस्थित हुए। जनसुनवाई के दौरान महापौर का सक्रिय एवं संवेदनशील रुख देखने को मिला, जहां उन्होंने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। कई मामलों में मौके पर ही समाधान होने से नागरिकों के चेहरे पर संतोष नजर आया।

महापौर ने स्पष्ट किया कि नगर निगम का लक्ष्य सिर्फ शिकायतें सुनना नहीं, बल्कि हर नागरिक को समय पर समाधान उपलब्ध कराना है, ताकि आमजन का प्रशासन पर विश्वास और अधिक मजबूत हो सके। इस दौरान सड़क सुधार, सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, अतिक्रमण, खाद्य पर्ची, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र तथा नाली-नालों से जुड़ी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। महापौर ने प्रत्येक प्रकरण की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध समाधान के स्पष्ट निर्देश दिए।

मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में 49 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 18 मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष आवेदनों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए जल्द कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

महापौर ने इस अवसर पर पूर्व में आयोजित जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों की भी समीक्षा करते हुए उनके निराकरण में तेजी लाने और लंबित मामलों का जल्द समाधान करने के सख्त निर्देश अधिकारियों को दिए।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी शिकायतों का समयबद्ध निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। शहरवासियों की समस्याओं का लगातार समाधान और बेहतर प्रशासनिक संवाद के लिए आगामी मंगलवारों को भी जनसुनवाई कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा।

KAMAKHYA REAL ESTATE
हम है आपकी हर जरूरत के लिए भरोसेमंद साथी...
आवासीय मकान और प्लाट,
वाणिज्यि (कमर्शियल) संपत्तियां,
औद्योगिक (इंडस्ट्रियल)
प्लॉट अब संपत्ति की खरीद-फरोख्त करें
पूरी पारदर्शिता और आसानी के साथ चाहे
आपको चाहिए एक सुकून भरा घर रिहायशी प्लॉट
व्यवसाय के लिए दुकान
आपकी फैक्ट्री के लिए उपयुक्त जमीन
पूरे भारत में प्रॉपर्टी खरीदने के लिए संपर्क करें
AMIT GAUTAM +91 86430-19577, +91 96911-21453
E-mail: kamakhyarealstate@gmail.com

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
डॉ. राजेश बत्रा — एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस. — जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. हर्षा बत्रा — एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा — स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024